भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2572

दिनांक 04 अगस्त 2026 / 13 श्रावण, 1948 (शक) को उत्तर के लिए

टीजीएएनबी का प्रवर्तन

†2572. श्री चमाला किरण कुमार रेड्डीः
श्री इटेला राजेंदरः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या तेलंगाना सरकार ने राज्य में स्वापक पदार्थों के दुरुपयोग और साइबर अपराध के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए तेलंगाना स्वापक रोधी ब्यूरो (टीजीएएनबी) तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो (टीजीसीएसबी) नाम से दो राज्य स्तरीय प्रवर्तन संगठन स्थापित किए हैं;

(ख) क्या तेलंगाना सरकार ने केंद्र सरकार से तेलंगाना स्वापक रोधी ब्यूरो (टीजीएएनबी) और तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो (टीजीसीएसबी) को सुदृढ़ करने के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और राज्य को सहायता किस समय तक जारी की जाएगी ?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री नित्यानंद राय)

(क): तेलंगाना राज्य में मनःप्रभावी पदार्थों, मादक पदार्थों और स्वापक पदार्थों की खेती, उत्पादन, परिवहन, तस्करी, बिक्री, खरीद, रखने और उपभोग सहित मादक पदार्थों की तस्करी का व्यापक रूप से मुकाबला करने के लिए, तेलंगाना सरकार ने तेलंगाना स्वापक-रोधी ब्यूरो (टीजीएएनबी) की स्थापना की है। वर्तमान में, टीजीएएनबी का नाम परिवर्तित कर 'ईगल फोर्स (Elite Action Group for Drug Law Enforcement)' कर दिया गया है। तेलंगाना सरकार ने साइबर अपराधों से निपटने और तेलंगाना के डिजिटल परिदृश्य की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य के साथ तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो (टीजीसीएसबी) की भी स्थापना की है।

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2572, दिनांक 04.08.2026

(ख) और (ग): वित्तीय वर्ष 2025-26 में, तेलंगाना राज्य में तेलंगाना स्वापक-रोधी ब्यूरो (टीजीएएनबी) और तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो (टीजीसीएसबी) को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लगभग 178 करोड़ रुपये के प्रस्ताव की तुलना में, तेलंगाना राज्य को 'पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता (एएसयूएमपी)' योजना के तहत स्वीकार्य घटकों के लिए 86.09 करोड़ रुपये प्रदान किए जाने की स्वीकृति दी गई है:-

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	प्रस्ताव का घटक	प्रस्तावित	स्वीकृत
1.	तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो (टीजीसीएसबी)	90.05	52.45
2.	तेलंगाना स्वापक-रोधी ब्यूरो (टीजीएएनबी)	87.90	33.64
	कुल	177.95	86.09

इसके अलावा, वर्ष 2022-23 से 2025-26 के दौरान 'मादक पदार्थों पर नियंत्रण हेतु राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता' योजना के तहत तेलंगाना राज्य को कुल 85,22,573 रुपये जारी किए गए हैं।

****